कनिष्ठ विधि अधिकारी परीक्षा - 2019
दिनांक - 27.12.2019 (M)

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32
Number of Pages in Booklet : 32

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या / Question Paper Booklet No. 3386669

**OLJ-91**

## Subject Code : 03

**SUBJECT :**

**Evidence Act, Limitation Act etc.**

**समय : 3.00 घण्टे**
**Time : 3.00 Hours**

**अधिकतम अंक : 50**
**Maximum Marks : 50**

**प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**

**The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the Paper Seal / Polythene bag. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. **OMR** उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्र निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा** । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN**.
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

**03**

1. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत इलेक्ट्रोनिक रिकार्ड की ग्राह्यता से सम्बन्धित उपबन्ध दिये गये हैं ?
   (1) धारा 65A
   (2) धारा 65A एवं धारा 65B
   (3) धारा 66
   (4) धारा 67

2. निम्नलिखित में से कौन लोक (दस्तावेज) अभिलेख नहीं है ?
   (1) किसी राज्य में रखे गये प्राइवेट दस्तावेजों के लोक अभिलेख
   (2) न्यायालय का निर्णय
   (3) गिरफ्तारी–वारन्ट
   (4) वसीयत

3. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत न्यायालय स्वयं किसी व्यक्ति के हस्थलेख की तुलना कर सकता है ?
   (1) धारा 72 (2) धारा 73
   (3) धारा 74 (4) धारा 75

4. लोक अभिलेखों को साबित किया जा सकता है
   (1) प्रमाणित प्रतिलिपियों द्वारा
   (2) प्रमाणित प्रतिलिपि लिखने वाले व्यक्ति की साक्ष्य द्वारा
   (3) मौखिक साक्ष्य द्वारा
   (4) ये सभी

5. द्वितीयक साक्ष्य में सम्मिलित है
   (1) मूल दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपियाँ
   (2) मूल से यान्त्रिक प्रक्रिया द्वारा बनायी गयी प्रतिलिपियाँ
   (3) मूल से मिलान की या तुलना की गयी प्रतिलिपियाँ
   (4) ये सभी

1. Under which Section of Indian Evidence Act, the provisions relating to admissibility of electronic records are given ?
   (1) Section-65A
   (2) Section-65A and Section-65B
   (3) Section-66
   (4) Section-67

2. Which of the following is not a public document ?
   (1) Public records kept in any state of any private documents
   (2) Judgement of Court
   (3) Arrest-Warrant
   (4) Will

3. Under which Section of the Indian Evidence Act, the court can itself compare the handwriting of a person ?
   (1) Section-72 (2) Section-73
   (3) Section-74 (4) Section-75

4. The public documents can be proved by
   (1) certified copies
   (2) evidence of the person who has written the certified copy
   (3) oral evidence
   (4) All of these

5. Secondary evidence includes
   (1) Certified copies of the original documents
   (2) Copies made from the original by mechanical process
   (3) Copies made, compared from the original
   (4) All of these

6. कितने वर्ष पुराने इलेक्ट्रोनिक रिकार्ड पर डिजीटल हस्ताक्षर की वैधता के बारे में न्यायालय उपधारणा कर सकता है ?

(1) 2 वर्ष (2) 3 वर्ष
(3) 5 वर्ष (4) 12 वर्ष

7. 'क' एक घोड़ा 'ख' को बेचता है और मौखिक वारन्टी देता है । 'ख' को 'क' इन शब्दों को लिखकर एक कागज देता है "क से ₹ 1000/– में एक घोड़ा खरीदा" 'ख' मौखिक गारन्टी साबित कर सकेगा । यह साक्ष्य :

(1) ग्राह्य है ।
(2) अग्राह्य है ।
(3) विसंगत है ।
(4) इनमें से कोई नहीं ।

8. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत 'सबूत का भार' परिभाषित किया गया है ?

(1) धारा 100 (2) धारा 101
(3) धारा 102 (4) धारा 103

9. 'क' पर आरोप है कि उसने रेल यात्रा बिना टिकट की है । यह साबित करने का भार कि उसके पास टिकट था, किस पर होगा

(1) रेलवे प्रशासन पर (2) टिकट परीक्षक पर
(3) 'क' पर (4) अभियोजन पर

10. 'ख' पर क उस भूमि के लिए वाद लाता है जो ख के कब्जे में है और जिसके बारे में क जोर देकर कहता है कि वह ख के पिता ग की विल द्वारा क को दी गयी थी । सबूत का भार किस पर होगा ?

(1) क (2) ख
(3) ग (4) इन सभी पर

11. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत इलेक्ट्रोनिक करार से सम्बन्धित प्रावधान दिये गये हैं ?

(1) धारा 85 (2) धारा 85A
(3) धारा 85B (4) धारा 86

6. How much old digital signature on electronic records, court can presume as valid ?

(1) 2 years (2) 3 years
(3) 5 years (4) 12 years

7. 'A' sells a horse to 'B' and verbally warrants him sound. 'A' gives 'B' a paper in these words, "bought of 'A' horse for ₹ 1,000" 'B' may prove the verbal warranty. This evidence is

(1) Admissible
(2) Inadmissible
(3) Irrelevant
(4) None of these

8. In which Section of the Indian Evidence Act, 'Burden of proof' has been defined ?

(1) Section-100 (2) Section-101
(3) Section-102 (4) Section-103

9. 'A' is charged with travelling on a railway without ticket. The burden of proof that he had a ticket will lie on

(1) Railway Administration
(2) Ticket Checker
(3) 'A'
(4) Prosecution

10. A sues B for land of which B is in possession and which as A asserts, was left to A by the will of C, B's father. To whom the burden of proof will lie ?

(1) A (2) B
(3) C (4) All of these

11. In which Section of the Indian Evidence Act, provisions relating to Electronic Agreements are given ?

(1) Section-85 (2) Section-85A
(3) Section-85B (4) Section-86

12. साक्ष्य अधिनियम की धारा 113A किसी विवाहित स्त्री द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण के बारे में उपधारणा
(1) एक निश्चयात्मक सबूत है ।
(2) न्यायालय उपधारणा कर सकता है ।
(3) न्यायालय उपधारणा करेगा ।
(4) अभियोजन को साबित करना पड़ेगा ।

13. साक्ष्य अधिनियम की धारा 114 के अन्तर्गत निम्नलिखित किन मामलों में न्यायालय उपधारणा कर सकता है ?
(1) कि चुराये हुए माल पर जिस व्यक्ति का चोरी के शीघ्र उपरान्त कब्जा है, जब तक कि वह अपने कब्जे का कारण न बता सके, या तो चोर है या उसने माल को चुराया हुआ जानते हुए प्राप्त किया है ।
(2) कि सह-अपराधी विश्वसनीयता के अयोग्य है, जब तक कि तात्विक विशिष्टियों में उसकी संपुष्टि नहीं होती ।
(3) कि न्यायिक और पदीय कार्य नियमित रूप से संम्पादित किए गये हैं ।
(4) ये सभी

14. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 114A के अन्तर्गत बलात्कार के मामलों में सम्मति न होने के बारे में क्या उपधारणा है ?
(1) एक निश्चयात्मक सूबत है ।
(2) न्यायालय उपधारणा कर सकता है ।
(3) न्यायालय उपधारणा करेगा ।
(4) इनमें से कोई नहीं ।

15. प्रश्न यह है कि कोई मनुष्य जीवित है या मर गया है, और यह साबित किया गया है कि उसके बारे में सात वर्ष से उन्होंने कुछ नहीं सुना है, जिन्हें उसके बारे में यदि वह जीवित होता तो स्वाभाविकतया सुना होता । सबूत का भार किस पर होगा ?
(1) वह व्यक्ति जो पुष्टि करता है, उस पर ।
(2) राज्य पर ।
(3) उस व्यक्ति पर जो पुष्टि नहीं करता ।
(4) इन सभी पर ।

12. Presumption as to abetment of suicide by a married woman under Section-113 A, of the Evidence Act
(1) A conclusive proof
(2) The court may presume
(3) The court shall presume
(4) The prosecution has to prove

13. In which of the following cases, the court may presume under Section-114 of Evidence Act ?
(1) That a man who is in possession of stolen goods soon after the theft is either the thief or has received the goods knowing them to be stolen.
(2) That an accomplice is unworthy of credit, unless he is corroborated in material particulars.
(3) That judicial and official acts have been regularly performed.
(4) All of these

14. What is presumption as to absence of consent in cases of rape under Section-114A of the Indian Evidence Act ?
(1) A conclusive proof
(2) The court may presume
(3) The court shall presume
(4) None of these

15. The question is whether a man is alive or dead, and it is proved that he has not been heard of for seven years, by those who would naturally have heard of him if he had alive. To whom the burden of proof will lie ?
(1) The person who affirms it.
(2) State
(3) The person who does not affirm it.
(4) All of these

16. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 118 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन सक्षम साक्ष्य है ?

(1) एक बालक जो पूछे गये प्रश्नों को समझने में असमर्थ है ।
(2) एक पागल जो पूछे गये प्रश्नों को समझने में समर्थ है ।
(3) एक व्यक्ति जो पूछे गए प्रश्नों को समझने में अति वृद्धावस्था के कारण असमर्थ है ।
(4) एक व्यक्ति जो पूछे गए प्रश्नों को समझने में बीमारी के कारण असमर्थ है ।

17. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा विवाहित स्थिति के दौरान की गई संसूचनाएँ संरक्षित करती है ?

(1) धारा 122 (2) धारा 123
(3) धारा 124 (4) धारा 125

18. क्या कोई पुलिस अधिकारी किसी अपराध से सम्बन्धित सूचना प्राप्त करने के स्रोत को प्रकट करने के लिए बाध्य किया जा सकता है ?

(1) हाँ
(2) नहीं
(3) उसके विवेक पर निर्भर करता है ।
(4) इनमें से कोई नहीं ।

19. 'क' एक पक्षकार अपने वकील 'ख' से कहता है कि मैने 'ग' की हत्या की है । मैं चाहता हूँ कि आप मेरा बचाव करें । क्या वकील 'ख' उपरोक्त संसूचना को न्यायालय में प्रकट कर सकता है ?

(1) हाँ
(2) नहीं
(3) ग की पत्नी की प्रार्थना पर प्रकट कर सकता है ।
(4) इनमें से कोई नहीं

20. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में विबन्धन को परिभाषित किया गया है ?

(1) धारा 115 (2) धारा 120
(3) धारा 122 (4) धारा 124

16. Who among the following is a competent witness under Section-118 of Indian Evidence Act ?

(1) A child unable to understand questions put to him.
(2) A lunatic able to understand questions put to him.
(3) A person unable to understand questions put to him due to extremely old age.
(4) A person who is unable to understand questions put to him due to disease.

17. Which Section of the Indian Evidence Act protects communications during marriage ?

(1) Section-122 (2) Section-123
(3) Section-124 (4) Section-125

18. Can a police officer be compelled to disclose the source of information relating to commission of an offence ?

(1) Yes
(2) No
(3) Depends on his discretion
(4) None of these

19. 'A' a client says to his advocate 'B', "I have committed murder of 'C'." I wish you to defend me. Whether advocate 'B' may disclose the aforesaid communication in the court ?

(1) Yes
(2) No
(3) May disclose on the request of wife of 'C'.
(4) None of these

20. In which Section of the Indian Evidence Act estoppel has been defined ?

(1) Section-115 (2) Section-120
(3) Section-122 (4) Section-124

21. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में मुख्य परीक्षा, प्रति–परीक्षा तथा पुन: परीक्षा को परिभाषित किया गया है ?

(1) धारा 135 (2) धारा 136

(3) धारा 137 (4) धारा 138

22. किसी साक्षी की परीक्षा, प्रति–परीक्षा के पश्चात, उस पक्षकार द्वारा जिसने उसे बुलाया था, कहलायेगी

(1) मुख्य परीक्षा

(2) पुन:परीक्षा

(3) अतिरिक्त प्रति–परीक्षा

(4) पुन: प्रति परीक्षा

23. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 138 के अनुसार, परीक्षा का क्रम क्या होगा

(1) मुख्य परीक्षा, प्रति–परीक्षा और पुन: परीक्षा

(2) प्रति–परीक्षा, पुन: परीक्षा और मुख्य परीक्षा

(3) मुख्य परीक्षा, पुन: परीक्षा और प्रति–परीक्षा

(4) कोई क्रम निर्धारित नहीं

24. किसी तथ्य को साबित करने के लिए कितने साक्षी अपेक्षित होंगे ?

(1) कोई निश्चित संख्या नहीं ।

(2) कम से कम एक चक्षुदर्शी साक्ष्य

(3) दो साक्षी

(4) तीन साक्षी

21. In which Section of the Indian Evidence Act, Examination-in-chief, Cross-examination and Re-examination have been defined ?

(1) Section-135 (2) Section-136

(3) Section-137 (4) Section-138

22. The examination of a witness, subsequent to the cross examination by the party who called him shall be called

(1) Examination-in-chief

(2) Re-examination

(3) Additional cross-examination

(4) Re-cross examination

23. According to Section-138 of the Indian Evidence Act, what shall be the order of examination ?

(1) Examination-in-chief, cross-examination and Re-examination

(2) Cross-examination, Re-examination and Examination-in-chief

(3) Examination-in-chief, Re-examination and cross-examination

(4) No any prescribed order.

24. How many number of witnesses will be required for the proof of any fact ?

(1) No particular number

(2) At least on eye witness

(3) Two witnesses

(4) Three witnesses

25. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत सूचक प्रश्न को परिभाषित किया गया है ?

(1) धारा 140 (2) धारा 141

(3) धारा 142 (4) धारा 144

26. सूचक प्रश्न कब पूछे जा सकते हैं ?

(1) प्रति-परीक्षा में

(2) मुख्य परीक्षा में

(3) पुन: परीक्षा में

(4) किसी भी परीक्षा में पूछे जा सकते हैं ।

27. साक्ष्य अधिनियम की धारा 146 के अन्तर्गत प्रति-परीक्षा के दौरान एक साक्षी से प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

(1) उसकी सत्यवादिता परखने के लिए ।

(2) यह पता लगाने के लिए कि वह कौन है और जीवन में उसकी क्या स्थिति है ।

(3) उसके शील को दोष लगाकर उसकी विश्वसनीयता को धक्का पहुँचाने के लिए ।

(4) ये सभी ।

28. जब किसी व्यक्ति को कोई दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समन किया जाता है और वह दस्तावेज पेश कर देता है तब :

(1) वह एक साक्षी हो जाता है ।

(2) उसे दोनों पक्षकारों द्वारा प्रति-परीक्षण किया जाता है ।

(3) उसे न्यायालय की अनुमति से प्रति-परीक्षण किया जाता है ।

(4) वह साक्षी नहीं हो जाता है और जब तक वह साक्षी के रूप में बुलाया नहीं जाता, उसकी प्रति-परीक्षा नहीं की जा सकती है ।

25. In which Section of the Indian Evidence Act, leading question has been defined ?

(1) Section-140 (2) Section-141

(3) Section-142 (4) Section-144

26. When leading questions may be asked ?

(1) In cross-examination

(2) In chief-examination

(3) In Re-examination

(4) Can be asked in any examination.

27. Under Section-146 of the Evidence Act, a witness could be asked questions during cross-examination

(1) To test his veracity

(2) To discover who he is and what is his position in life.

(3) To shake his credit by injuring his character.

(4) All of these

28. When a person summoned to produce a document, and he produces the document then

(1) He becomes a witness.

(2) He is cross-examined by both the parties.

(3) He is cross-examined with the permission of court.

(4) He does not becomes a witness and cannot be cross-examined unless and until he is called as a witness.

29. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा 'पक्षद्रोही साक्ष्य' की बात करती है ?

(1) धारा 152 (2) धारा 153

(3) धारा 154 (4) धारा 156

30. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा स्मृति ताजा करने से सम्बन्धित प्रावधान बताती है ?

(1) धारा 155 (2) धारा 158

(3) धारा 160 (4) धारा 159

31. परिसीमा अधिनियम, 1963 किस तारीख को प्रवृत्त हुआ था ?

(1) 26 जनवरी, 1964

(2) 1 जनवरी, 1964

(3) 15 जनवरी, 1964

(4) 1 मई, 1964

32. परिसीमा अधिनियम, 1963 की किस धारा के अन्तर्गत "सीमा की अवधि" को परिभाषित किया गया है ?

(1) धारा 2(ग) (2) धारा 2(घ)

(3) धारा 2(ज) (4) धारा 2(ञ)

33. एक साक्षी से यह पूछा जाता है कि वह किसी पद से बेईमानी के लिए पदच्युत नहीं किया गया था । वह मना करता है । यह दर्शित करने के लिए कि वह बेईमानी के लिए पदच्युत किया गया था साक्ष्य दिया जाता है ।

(1) यह साक्ष्य ग्राह्य है ।

(2) यह साक्ष्य ग्राह्य नहीं है ।

(3) यह परिस्थितिजन्य साक्ष्य है ।

(4) इनमें से कोई नहीं ।

29. Which Section of the Indian Evidence Act talks about Hostile witness ?

(1) Section-152 (2) Section-153

(3) Section-154 (4) Section-156

30. Which Section of the Indian Evidence Act, provides provisions for refreshing memory ?

(1) Section-155 (2) Section-158

(3) Section-160 (4) Section-159

31. When Limitation Act, 1963 came into force ?

(1) 26th January, 1964

(2) 1st January, 1964

(3) 15th January, 1964

(4) 1st May, 1964

32. Under which section of the Limitation Act, 1963 "Period of Limitation" has been defined ?

(1) Section-2(c) (2) Section-2(d)

(3) Section-2(h) (4) Section-2(j)

33. A witness is asked whether he was not dismissed from a post for dishonesty. He denies it. Evidence is offered to show that he was dismissed for dishonesty.

(1) The evidence is admissible.

(2) The evidence is not admissible.

(3) The evidence is circumstantial.

(4) None of these

34. परिसीमा अधिनियम की धारा 4 के प्रावधान, विहित काल के अवसान से सम्बन्धित, जब न्यायालय बन्द हो तब किस पर लागू होते हैं :

(1) वाद (2) अपील

(3) आवेदन (4) ये सभी

35. परिसीमा अधिनियम 1963 की किस धारा में विलम्ब या देरी को माफ करने से सम्बन्धित प्रावधान दिये हैं ?

(1) धारा 4 (2) धारा 5

(3) धारा 6 (4) धारा 8

36. निम्नलिखित में से क्या धारा 6 परिसीमा अधिनियम के अन्तर्गत विधिक निर्योग्यता नहीं है ?

(1) कारावास (2) जड़ता

(3) अवयस्कता (4) पागलपन

37. क्या आदेश 21 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत आवेदन में पर्याप्त कारण के आधार पर धारा 5 परिसीमा अधिनियम, 1963 के अधीन न्यायालय समय सीमा में वृद्धि स्वीकृत कर सकता है ?

(1) नहीं

(2) हाँ

(3) उच्च न्यायालय की अनुमति से

(4) उभय-पक्ष की सहमति से

38. संविदा से सम्बन्धित वादों में समय-सीमा क्या है ?

(1) एक वर्ष (2) तीन वर्ष

(3) पाँच वर्ष (4) सात वर्ष

39. परिसीमा अधिनियम 1963 की धारा 2(ठ) के अन्तर्गत 'वाद' में सम्मिलित हैं

(1) अपील

(2) आवेदन

(3) पुनरीक्षण

(4) इनमे से कोई नहीं

34. Provisions of Section-4 of Limitation Act relating to expiry of prescribed period, when court is closed are applicable to

(1) Suit (2) Appeal

(3) Application (4) All of these

35. Which Section of the Limitation Act, 1963 provides provisions relating to 'Condonation of delay' ?

(1) Section-4 (2) Section-5

(3) Section-6 (4) Section-8

36. Which among the following is not a legal disability under Section-6 of the Limitation Act ?

(1) Imprisonment (2) Idiocy

(3) Minority (4) Insanity

37. Whether a court can grant extension of period of limitation under Sec.-5 of the Limitation Act, 1963 on the ground of sufficient cause in case of an application under Order 21 of the Civil Procedure Code ?

(1) No

(2) Yes

(3) With the permission of High Court

(4) With the consent of both the parties

38. What is the period of limitation for suits relating to contract ?

(1) One year (2) Three years

(3) Five years (4) Seven years

39. Under Section 2(*l*) of Limitation Act, 1963 'suit' includes

(1) Appeal

(2) Application

(3) Revision

(4) None of these

40. परिसीमा अधिनियम, 1963 की किस धारा में प्रावधान है कि अपील, पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण के लिए परिसीमा काल की गणना में डिक्री या आदेश की प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए अपेक्षित समय-सीमा को अपवर्जित कर दिया जायेगा ?

(1) धारा 12(1) (2) धारा 12(2)
(3) धारा 13 (4) धारा 14

41. भारतीय परिसीमा अधिनियम, 1963 की कौन सी धारा के अन्तर्गत उन दशाओं में समय का अपवर्जन किया जाना उपबन्धित है जिनमें अकिंचन के रूप में वाद लाने या अपील करने के लिए आवेदन किया गया है ?

(1) धारा 11 (2) धारा 12
(3) धारा 13 (4) धारा 14

42. परिसीमा अधिनियम 1963 की धारा 15 के प्रावधान किस पर लागू नहीं होते :

(1) वाद पर
(2) एक डिक्री के निष्पादन के आवेदन पर
(3) अपील पर
(4) ये सभी

43. परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 14 के अन्तर्गत बिना अधिकारिता वाले न्यायालय सद्भावना पूर्वक की गयी कार्यवाही में लगे समय का अपवर्जन होता है । इस धारा में कौन सी अधिकारिता का आशय है ?

(1) आर्थिक
(2) प्रादेशिक
(3) विषय वस्तु से सम्बन्धित
(4) ये सभी

44. स्थावर सम्पत्ति के कब्जे के सम्बन्ध में वाद लाने हेतु समय-सीमा क्या है ?

(1) 1 वर्ष (2) 3 वर्ष
(3) 12 वर्ष (4) 30 वर्ष

40. In which Section of the Limitation Act, 1963 it is provided that in computing the period of limitation for appeal, review or revision the time requisite for obtaining the copy of the decree or order appealed shall be excluded ?

(1) Section-12(1) (2) Section-12(2)
(3) Section-13 (4) Section-14

41. In which Section of the Limitation Act, 1963 provisions relating to exclusion of time in cases where leave to sue or appeal as a pauper is applied ?

(1) Section-11 (2) Section-12
(3) Section-13 (4) Section-14

42. Provisions of Section-15 of the Limitation Act, 1963 do not apply to

(1) Suit
(2) Application for execution of a decree
(3) Appeal
(4) All of these

43. Under Section-14 of the Limitation Act, 1963, the time of proceedings bona fide in court without jurisdiction is excluded. What kind of jurisdiction intended in this Section ?

(1) Pecuniary
(2) Territorial
(3) Regarding subject matter
(4) All of these

44. What is the period of limitations to file suit for possession of immovable property ?

(1) 1 year (2) 3 years
(3) 12 years (4) 30 years

45. न्यास के रूप में हस्तांतरित या वसीयत की गयी और तत्पश्चात न्यासी द्वारा मूल्यवान प्रतिभलार्थ अन्तरित की गयी जंगम सम्पत्ति के कब्जे के प्रत्युद्धरण हेतु वाद की समय सीमा क्या है ?

(1) तीन वर्ष (2) छ: वर्ष
(3) नौ वर्ष (4) बारह वर्ष

46. बन्धकदार द्वारा पुरोबन्ध के लिए वाद की समय-सीमा क्या है ?

(1) तीन वर्ष (2) बीस वर्ष
(3) तीस वर्ष (4) चालीस वर्ष

47. किसी एक पक्षीय पारित डिक्री को अपास्त कराने के लिए आवेदन की समय सीमा क्या है ?

(1) पन्द्रह दिन (2) तीस दिन
(3) साठ दिन (4) नब्बे दिन

48. परिसीमा अधिनियम 1963 की किस धारा में सुखाधिकारों का चिरभोग द्वारा अर्जन उपबन्धित किया गया है ?

(1) धारा 25 (2) धारा 26
(3) धारा 27 (4) धारा 28

49. परिसीमा अधिनियम के अन्तर्गत एक डिक्री या आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील करने की समय-सीमा क्या है ?

(1) 60 दिन (2) 90 दिन
(3) 120 दिन (4) 180 दिन

50. जहाँ किसी वाद को दायर करने के लिए परिसीमा अधिनियम 1963 के अन्तर्गत कोई समय-सीमा नहीं दी गयी है वहाँ उसकी समय सीमा क्या होगी ?

(1) एक वर्ष (2) दो वर्ष
(3) तीन वर्ष (4) छ: वर्ष

51. परिसीमा अधिनियम 1963 की कौन सी धारा कपट या भूल से सम्बन्धित प्रावधान बताती है ?

(1) धारा 15 (2) धारा 16
(3) धारा 17 (4) धारा 18

45. What is the period of limitation for a suit to recover possession of immovable property conveyed or bequeathed in trust and afterwards transferred by the trustee for a valuable consideration ?

(1) Three years (2) Six years
(3) Nine years (4) Twelve years

46. What is the period of limitation for a suit by a mortgage for foreclosure ?

(1) Three years (2) Twenty years
(3) Thirty years (4) Forty years

47. What is the period of limitation for an application to set aside a decree passed ex-parte ?

(1) Fifteen days (2) Thirty days
(3) Sixty days (4) Ninety days

48. In which Section of Limitation Act, 1963 acquisition of easement by prescription has been enumerated ?

(1) Section-25 (2) Section-26
(3) Section-27 (4) Section-28

49. What is the period of limitation to prefer an appeal against a decree or order before the High Court ?

(1) 60 days (2) 90 days
(3) 120 days (4) 180 days

50. What will be the period of limitation of any suit for which no period of limitation is provided in the limitation Act, 1963 ?

(1) One year (2) Two years
(3) Three years (4) Six years

51. Which Section of the Limitation Act, 1963 provides provisions relating to fraud or mistake ?

(1) Section-15 (2) Section-16
(3) Section-17 (4) Section-18

52. सजातीय से तात्पर्य है

(1) अन्य प्रकार (2) अन्य प्रकार से

(3) उसी प्रकार (4) उपरोक्त सभी

53. केसस ओमिसस (casus omissus) से आप क्या समझते हैं ?

(1) न्यायालयों को संविधियों में कमियों की पूर्ति करने का अधिकार नहीं है ।

(2) अमान्य से मान्य करना अच्छा है ।

(3) संविधि को उसके सम्पूर्ण रूप में पढ़ा जाना चाहिए ।

(4) विशेष अधिनियम साधारण विधि पर प्रभावी नहीं रहेगा ।

54. "Noscitur a socilis" (साहचर्येण ज्ञायते) नोसिटर ए सोसिलिस का क्या अर्थ है ?

(1) तथ्यों का ज्ञान नहीं होना तो क्षम्य है परन्तु कानून के ज्ञान से अनभिज्ञ होना क्षम्य नहीं है

(2) सजाति अर्थात् उसी प्रकार का होना

(3) सहचर्य से जानना

(4) ये सभी

55. छद्म विधायन के सिद्धान्त का क्या अभिप्राय है ?

(1) जो प्रत्यक्ष रूप से नहीं किया जा सकता वह अप्रत्यक्ष रूप से भी नहीं किया जा सकता ।

(2) जो प्रत्यक्ष रूप से किया जा सकता है वह अप्रत्यक्ष रूप में नहीं किया जा सकता ।

(3) जिसे अप्रत्यक्ष रूप से किया जा सकता है उसे प्रत्यक्ष रूप से नहीं किया जा सकता ।

(4) ये सभी

56. संविधियों के निर्वचन की शक्ति किसमें निहित है ?

(1) संसद (2) न्यायालय

(3) राज्य विधायिका (4) राज्य परिषद

52. What is meant by "ejusdem generis" ?

(1) The other kind

(2) From different kind

(3) The same kind

(4) All of these

53. What do you understand by "Casus Omissus" ?

(1) Courts have no right to fill up the gaps of the statutes.

(2) It is better to recognise than not to recognise.

(3) A statute should be read as a whole.

(4) The Special Act shall not be preferred over general law.

54. What is meaning of "Noscitur a socilis" ?

(1) Ignorance of facts is excusable but ignorance of law is not excusable.

(2) Belonging to same species.

(3) Knowing by association

(4) All of these

55. Doctrine of colourable legislation means

(1) What cannot be done directly cannot be done indirectly

(2) What can be done directly cannot be done indirectly

(3) What can be done indirectly cannot be done directly

(4) All of these

56. Who has the power to interpret the statutes ?

(1) Parliament (2) Court

(3) State Legislature (4) State Council

57. अट रिस मैजिस वैलियट कम् पेरियट (ut res magis valeat quam pereat) से आप क्या समझते हो ?
(1) अमान्य से मान्य करना अच्छा है ।
(2) न्यायालयों को संविधियों में कमियों की पूर्ति करने का अधिकार नहीं है ।
(3) संविधियों के उपबन्धों को पालन करने की बाध्यता होती है ।
(4) ये सभी

58. प्रत्यायोजित विधान क्या है ?
(1) संसद द्वारा बनाया गया कानून ।
(2) न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय ।
(3) उस प्राधिकारी द्वारा निर्मित कानून जिसे संसद ने प्रत्यायोजन की शक्ति दी है ।
(4) इनमें से कोई नहीं

59. प्रत्यायोजित विधान पर उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णीत सबसे पहला वाद कौन सा है ?
(1) किंग इम्परर बनाम बनवारी लाल शर्मा
(2) रि देलही लॉज ऐक्ट
(3) यतीन्द्रनाथ बनाम बिहार राज्य
(4) हरीशंकर बागला बनाम मध्य प्रदेश राज्य

60. निर्वचन का प्रथम प्रमुख सिद्धान्त कौन सा है ?
(1) शाब्दिक निर्वचन का सिद्धांत
(2) रिष्टि का सिद्धान्त
(3) स्वर्णिम नियम
(4) सामंजस्यपूर्ण अर्थान्वयन

61. किसने कहा है, "संहिताकारी कानून का तात्पर्य किसी विशिष्ट वस्तु पर संम्पूर्ण कानून की विस्तारपूर्वक व्याख्या करना होता है, जिसमें प्रारुपकार द्वारा पूर्ववर्ती सभी विधिक प्रावधानों एवं विषयों से सम्बन्धित सामान्य कानून के नियमों को सम्मिलित करने का प्रयास किया जाता है" ?
(1) मैक्सवेल (2) सामण्ड
(3) कूले (4) लार्ड हाल्सबरी

57. What do you understand with "ut res magis valeat quam pereat" ?
(1) It may rather become operative than null
(2) Court have no right to fill up the gaps of statutes.
(3) It is compulsory to strictly comply with the provisions of statutes.
(4) All of these

58. What is delegated legislation ?
(1) Law made by parliament
(2) Decision given by the court
(3) Law made by the authority to whom parliament has delegated the power
(4) None of these

59. Which is the first case decided by the Supreme Court on delegated legislation ?
(1) King Emperor Vs. Banvari Lal Sharma
(2) Re-Delhi Laws Act
(3) Yatindranath Vs. Bihar Rajya
(4) Harishankar Bagla Vs. State of Madhya Pradesh

60. What is the first main principle of Interpretation ?
(1) Literal rule of interpretation
(2) Mischief rule
(3) Golden rule
(4) Harmonious interpretation

61. Who said, "codifying statute means to elaborately express the whole of the law on a specific subject matter, wherein the draftman makes the efforts to include all the rules of general law relating to former legal provisions and subjects" ?
(1) Maxwell (2) Salmond
(3) Cooley (4) Lord Halsbury

62. प्राधिकार के अधीन (Intra vires) से तात्पर्य है
(1) प्राधिकार के बिना किया गया कार्य
(2) विधि के द्वारा दिये गये प्राधिकार के अन्तर्गत किया गया कार्य
(3) विवेकानुसार किया गया कार्य
(4) इनमे से कोई नहीं

63. विधि के संशोधन से तात्पर्य है
(1) विधि संशोधित है ।
(2) विधि अस्तित्व में नहीं है ।
(3) विधि अस्तित्व में है ।
(4) इनमें से कोई नहीं

64. संविधि निर्वचन के आन्तरिक सहायक हैं :
(1) पार्श्व टिप्पणी (2) शीर्षक
(3) दृष्टान्त (4) ये सभी

65. एक संविधि में किसी 'परन्तुक' का अभिप्राय है
(1) सामान्य नियम का अपवाद ।
(2) सामान्य नियम का अपवाद नहीं है ।
(3) सामान्य नियम की व्याख्या ।
(4) सामान्य नियम का विश्लेषण ।

66. निम्नलिखित में से कौन से निर्वचन के बाह्य सहायक हैं ?
(1) शब्दकोष और पाठ्य पुस्तकें
(2) संसदीय कार्यवाहियाँ और लोक नीति
(3) न्यायिक निर्णय और विदेशी न्यायालयों के निर्णय
(4) ये सभी

67. डेलिगेट्स नान प्रोटेस्ट डेलिगेरे (delegatus non protest delegare) से आप क्या अर्थ समझते हैं ?
(1) प्रत्यायोजिति अपनी प्रत्यायोजित शक्ति को पुन: प्रत्यायोजित कर सकता है ।
(2) प्रत्यायोजित शक्ति का और आगे प्रत्यायोजन नहीं हो सकता ।
(3) प्रत्यायोजित शक्ति कार्यपालिका को प्रत्यायोजित की जा सकती है ।
(4) ये सभी

62. 'Intra-vires' means
(1) Act done without authority
(2) Act done within the authority given by law
(3) Act done on discretion
(4) None of these

63. Amendment of Law means
(1) law is amended.
(2) law is not in existence.
(3) law is in existence.
(4) None of these

64. Internal aids to interpretations are
(1) Marginal notes (2) Headings
(3) Illustrations (4) All of these

65. A 'proviso' in an enactment means
(1) an exception to the general rule
(2) is not an exception to the general rule
(3) an explanation to the general rule
(4) an analysis to the general rule

66. Which among the following are external aids of interpretations ?
(1) Dictionary and text books
(2) Parliamentary proceedings and public policy
(3) Judicial decisions and decisions of foreign courts
(4) All of these

67. What do you mean by "delegatus non protest delegare ?
(1) Delegatee can further delegate its delegated powers
(2) Delegated powers cannot be further delegated.
(3) Delegated powers can be delegated to the executive.
(4) All of these

68. आप उद्देशिका का क्या अर्थ समझते हैं ?
(1) संविधियों के प्रमुख उद्देश्यों का वर्णन ।
(2) प्रस्तावना एक परिचयात्मक कथन है ।
(3) संविधि के निर्वचन का आन्तरिक सहायक है ।
(4) ये सभी

69. निम्नलिखित में से कौन सा संविधियों के निर्वचन का बाह्य सहायक है ?
(1) ऐतिहासिक पृष्ठभूमि (2) उद्देशिका
(3) परिभाषाएँ (4) परन्तुक

70. किस दिनांक से एक संविधि लागू समझी जायेगी ?
(1) उस दिनांक से जिसको विधायिका ने बिल पास किया है ।
(2) गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से ।
(3) कार्यपालिका के विवेक पर निर्भर करता है ।
(4) विधायिका में बिल पेश करने की तिथि से ।

71. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में आच्छादन के सिद्धान्त से सम्बन्धित प्रावधान दिये गये हैं ?
(1) अनुच्छेद-13(1) (2) अनुच्छेद-14
(3) अनुच्छेद-15 (4) अनुच्छेद-13(2)

72. सार और तत्त्व का सिद्धान्त सम्बन्धित है
(1) एक ही क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के विषयों से सम्बन्धित विधायकों की समस्याओं को हल करने हेतु विधियों की व्याख्या
(2) मौलिक अधिकारों से अधित्यजन की समस्याओं को हल करने के लिए विधियों का निर्वचन
(3) प्रादेशिक क्षेत्राधिकार से उत्पन्न समस्याओं को हल करने के लिए विधियों का निर्वचन
(4) उपरोक्त सभी

73. निम्नलिखित में से कौन सा सांविधिक निर्वचन में आन्तरिक सहायक नहीं है ?
(1) शीर्षक (2) विरामचिह्न
(3) प्रसिद्ध ला-जर्नल (4) अनुसूची

68. What do you mean by 'Preamble' ?
(1) Description of the main objects of the statutes.
(2) A preamble is an introductory statement.
(3) Internal helper of interpretation of statute
(4) All of these

69. Which among the following is external aid of interpretation of statutes ?
(1) Historical background
(2) Preamble
(3) Definitions
(4) Proviso

70. From which date a statute will be deemed to have come into force ?
(1) From the date of passing of the bill by the legislature.
(2) From the date of publication in the Gazette.
(3) Depends on the discretion of the executive.
(4) From the date of introducing the bill in legislature.

71. Under which Article of Constitution of India provisions relating to doctrine of eclipse are provided ?
(1) Article-13(1) (2) Article-14
(3) Article-15 (4) Article-13(2)

72. Doctrine of 'pith and substance' relates to
(1) Interpretation of statutes to solve the problems of competing legislature in the same field.
(2) Interpretation of statutes to solve the problems of waiver of fundamental rights.
(3) Interpretation of statutes to solve the problems of territorial nexus.
(4) All of these

73. Which is not the internal aid for the interpretation of statutes among the following ?
(1) Title
(2) Punctuations
(3) Popular law journal
(4) Schedules

74. हितकारी व्याख्या से आप क्या समझते हो ?

(1) आपराधिक विधि में संदेह का लाभ अभियुक्त को दिया जाना चाहिए ।

(2) यदि शब्द स्पष्ट रूप से कुछ बातों को छोड़ते हैं तो उन्हें सम्मिलित करने के लिए शब्दों को खींचना नहीं चाहिए ।

(3) एक व्यक्ति पर कर नहीं लगाया जा सकता जब तक भाषा स्पष्ट रूप से आरोपित न करे ।

(4) यदि भाषा उद्देश्य को प्राप्त करने में असफल रहती है तो आशय को प्राप्त करने हेतु उसे विस्तारित अर्थ दिया जा सकता है, यदि भाषा में ऐसी संभावना हो ।

74. What do you understand with beneficial construction ?

(1) In case of criminal statute the benefit of doubt should be given to the accused.

(2) If the words clearly omit certain cases, the words should not be strained to include them.

(3) A person cannot be taxed unless the language clearly imposes the obligation.

(4) Where the language fails to achieve the object, more extended meaning could be given to it to achieve the object if the language is susceptible to it.

75. उच्चतम न्यायालय ने कौन से मामले में यह सिद्धांत प्रतिपादित किया है कि संसद को संविधान में संशोधन करने की सार्वभौम शक्ति प्राप्त है, परन्तु इसको संविधान के मूल ढ़ाँचे को नष्ट करने की शक्ति नहीं है ?

(1) मेनका गांधी बनाम् यूनियन ऑफ इण्डिया ए.आई.आऱ. 1978 सुको 597

(2) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य ए.आई.आऱ. 1967 सुको 1643

(3) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य ए.आई.आऱ. 1973 सुको 1461

(4) इनमें से कोई नहीं

75. In which case the Supreme Court laid down that the Parliament has the sovereign power to amend the Constitution but it has no power to demolish the basic structure of the Constitution ?

(1) Maneka Gandhi Vs. Union of India AIR 1978 SC 597

(2) Golaknath Vs. State of Punjab AIR 1967 SC 1643

(3) Keshwanand Bharti Vs. State of Kerala AIR 1973 SC 1461

(4) None of these

76. किसी अधिनियम की संवैधानिकता के बारे में उपधारणा होती है कि

